पटवारी ने किसानों की उठाईं समस्याएं

▶ राज्य सरकार पर साधा निशाना : कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

विशेष संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने गुरुवार को सागर जिले की कृषि मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की.

पटवारी बड़ामलहरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, जहां संत रविदास जी और गंगा मैया की मूर्तियों की स्थापना की जा रही थी. इस दौरान उन्होंने कहा कि संत रविदास का समता और मानवता का संदेश तथा गंगा मैया का आशीर्वाद प्रदेशवासियों का मार्गदर्शन करता रहे.

मंडी निरीक्षण के दौरान किसानों ने अव्यवस्थाओं, गेहूं खरीदी में देरी और बारदान (बोरी) की कमी को लेकर नाराजगी जताई. इस पर पटवारी ने आरोप लगाया कि यह केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सरकार की नीयत की कमी को दर्शाता है. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है, जिससे किसान गर्मी में मंडियों के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा, मंडी चार दिन से बंद है और सरकार जश्न में व्यस्त है, जबकि अधिकारी एसी कमरों में बैठकर किसानों की परेशानियों से अनजान बने हुए हैं.

पटवारी ने किसानों की आय आठ गुना बढ़ने के दावों पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या वास्तव में किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है.

उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि घोषित किसान कल्याण वर्ष अब किसान शोषण वर्ष बन गया है. अंत में उन्होंने सागर कलेक्टर से मंडी व्यवस्था सुधारने, गेहूं खरीदी शीघ्र शुरू करने और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की.

संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी, कुक्षी में प्रकरण दर्ज

धार, 9 अप्रैल. जिले के कुक्षी क्षेत्र में सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, भारतीय संविधान और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस सूत्रों के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कुक्षी निवासी संजय परसाई ने डॉ. अंबेडकर, संविधान और पुलिस प्रशासन के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया. इस संबंध में स्क्रीनशॉट और लिंक साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए. शिकायत जयस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविराज बघेल द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणी से सामाजिक और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं.

ऐसा काम करें कि स्वयं को हो संतुष्टि

अभिमुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. भोपाल स्थित मप्र जल एवं भूमि प्रबन्ध संस्थान में नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं विकास खंड अधिकारियों के अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन समारोह हुआ.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नवनियुक्त अधिकारियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि आगामी 3 वर्षों में ऐसा कार्य करें जिससे उन्हें स्वयं संतुष्टि प्राप्त हो. उन्होंने कहा कि आपकी आत्मसंतुष्टि ही इस बात का प्रमाण होगी कि आप आमजन के जीवन में कितना सकारात्मक परिवर्तन लाये है.

मंत्री पटेल ने अधिकारियों से उनके कार्य क्षेत्र, भविष्य की योजनाओं एवं चुनौतियों पर चर्चा की तथा उन्हें निरंतर संवाद बनाए रखने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि संवाद बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है और इससे प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता आती है. उन्होंने आगे कहा कि कई बार हम यह सोचते हैं कि हम सभी कार्य कर सकते हैं, जो सकारात्मक सोच है, लेकिन अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कार्य करने से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं. हर कार्य को एक स्पष्ट लक्ष्य, सुदृढ़ योजना और टीम वर्क के साथ किया जाए तो सफलता सुनिश्चित होती है. इस अवसर पर नव नियुक्त अधिकारियों ने प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को साझा किया. अधिकारियों ने बताया कि विगत 45 दिनों से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम ने उन्हें प्रशासनिक कार्य प्रणाली को समझने, विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन करने तथा जमीनी स्तर पर कार्य करने के व्यावहारिक पहलुओं को जानने का अवसर प्रदान किया. प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभिन्न स्थानों का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिससे उन्होंने आने वाली चुनौतियों को समझते हुए अपने कार्य की रूपरेखा पर भी चर्चा की.

कृति सेनन ने पुलिस की सराहना की

विशेष संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. अभिनेत्री एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की गुडविल एंबेसडर कृति सेनन ने भोपाल के महिला थाने में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में भाग लेते हुए राज्य के जनोन्मुखी पुलिसिंग मॉडल की सराहना की.

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयासों को रेखांकित करना था. इसमें सामाजिक संगठनों, सर्वाइवर महिलाओं, छात्रों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह एक बहुआयामी और प्रभावशाली पहल बन गई. कार्यक्रम में 'आरंभ' की अर्चना सहाय और

'संगिनी' की प्रार्थना मिश्रा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए. एक भावनात्मक सत्र के दौरान 'नाता प्रथा' और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से प्रभावित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए.

बीएसएस कॉलेज के 'मयार ग्रुप' द्वारा नशा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. वहीं झुग्गी बस्तियों के बच्चों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत में कृति सेनन ने परिसर का दौरा कर इस पहल को समावेशी और संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया.

गैस पाइपलाइन फटने से आग में चार लोग झुलसे

मुरैना, 9 अप्रैल. शहर में पानी की लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान पीएनजी लाइन फटने से आग लग गई, जिसमें दुकान संचालक सहित चार लोग बुरी तरह झुलस गए. आधिकारिक जानकारी के अनुसार एमएस रोड स्थित नेहरू पार्क के पास पानी की पाइपलाइन टूटने के बाद नगर निगम कर्मचारी जेसीबी से गड्ढा खोदकर उसे ठीक कर रहे थे. इसी दौरान नीचे से गुजर रही गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और उससे निकली गैस पास में जल रही हलवाई की भट्टी के संपर्क में आ गई, जिससे अचानक आग भड़क उठी. आग की चपेट में आने से दुकान के बाहर रखा सामान जलकर राख हो गया और दुकान संचालक सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए. घटना की सूचना मिलते ही दमकल दल और गैस पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया.

1616 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. प्रदेश के चार संभागों में आधी-अधूरी व्यवस्था के साथ गेहूं की खरीदी शुरू हुई. पहले ही दिन इंतजाम नाकाफी थे, मंडियों में खरीदी की केवल औपचारिकताएं ही की गईं. खरीदी की रस्म अदायगी को सरकारी आंकड़ों से ही समझा जा सकता है.

पहले दिन इंदौर, भोपाल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग जो कि गेहूं के बड़े क्षेत्रों में शुमार किए जाते हैं, यहां से महज 1616 क्विंटल गेहूं की ही खरीदी की जा सकी. पहले दिन केवल 45 मंडी ही खरीदने की तैयारी कर सके. राज्य सरकार ने पहले इन संभागों में खरीदी के लिए एक अप्रैल का समय तय किया था, बाद में उसे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया, लेकिन जब विरोध बढ़ा, तो फिर इसे 9 अप्रैल कर दिया गया. उसके बाद भी इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं. इधर खरीदी में

देरी से किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है. मौके को कांग्रेस ने हाथों हाथ लपका और प्रदेशभर में किसानों को लेकर आंदोलन भी शुरू कर दिया. इधर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने व्यवस्थाओं को पूरी तरह चाक-चौबंद बताया है. उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. गेहूं का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में 9 अप्रैल से शुरू हो चुका है. उन्होंने बताया कि शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूं का उपार्जन शुरू किया जायेगा.

> राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है. विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूं के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूं के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं.

डायल-112 टीम ने हादसे में घायलों की बचाई जान

विशेष संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. डायल-112 ने एक बार फिर आपात स्थितियों में अपनी विश्वसनीयता साबित करते हुए मंदसौर जिले में सड़क दुर्घटना में घायल यात्रियों को सुरक्षित बचाया. 8 अप्रैल को भोपाल स्थित राज्य पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि दलौदा थाना क्षेत्र के लकमा खेड़ी के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया है. सूचना में बताया गया कि चार बच्चों सहित करीब 10 यात्री घायल हुए हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए दलौदा क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहनों को तत्काल मौके पर भेजा गया. घटनास्थल पर पहुंचने पर आरक्षक मुजीब रहमान और पायलट बबलू शर्मा ने वाहन को क्षतिग्रस्त अवस्था में पाया, जिसमें कई यात्री घायल थे. डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को एफआरवी वाहन से जिला चिकित्सालय मंदसौर पहुंचाया,

न्याय जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच जाए और वह व्यक्ति इससे लाभान्वित हो जाए वही सच्चा न्याय : कनौजिया

सिरमौर 9 अप्रैल, जिला सिविल न्यायालय सिरमौर ए.डी.जे. श्री संजय वर्मा के विदाई समारोह में श्री कनौजिया जी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि श्री वर्मा ने सिरमौर में रहते हुए न्याय को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का पूर्ण प्रयास किया है।

आपके इस कार्यकाल में पक्षकारों, अधिवक्तागणों ने न्याय की तेजस्विता को देखा है श्री कनौजिया ने अपने उद्बोधन में श्री वर्मा जी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अब भोपाल भी आपके न्यायिक निर्णयों का सिरमौर बने वही मंचा सीन न्यायाधीश भारती जी, गीता उइके, रजनीश ताम्रकार आदि सबका अधिवक्ता गणों के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ देकर एवं मस्तक मे रोली का तिलक लगा कर स्वागत किया गया श्री

कनौजिया जी ने आगे कहे की अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं का इस आयोजन के लिए आभार प्रगट किया।

इस विदाई समारोह में सिरमौर से भोपाल स्थानांतरित हुए ए.डी.जे. श्री वर्मा जी ने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रांतीय मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ बीरेंद्र प्रसाद मिश्र से रूबरू होते हुए कहे कि मै इतना भावविभोर हूं कि रीवा की जमीं का इस सिरमौर की संवेदनशीलता आत्मीयता व मानव मात्र को सम्मान देने की जो प्रथा है उससे मैं अभिभूत हूं। साथ अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री त्रिपाठी जी वरिष्ठ न्यायाधीश कनौजिया जी अन्य न्यायाधीशों संघ के पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गणेश पाण्डेय बाबा जी को पितृ पुरुष की संज्ञा देते हुए सम्मानित किया व समूचे वरिष्ठ अधिवक्ता गणों एवं युवा अधिवक्ताओं की हौसला-अफजाई की और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष एड.कुशल सिंह एड.शर्मा जी दीपनारायण सिंह एड.वर्मा जी एड.पुष्पेन्द्र जी एड. बृजेन्द्र मिश्रा एड.हेमराज पांडेय आदि समस्त अधिवक्ता गण उपस्थित रहे.

आधा दर्जन प्राचार्यों को शोकाज नोटिस

विद्यालयों के भौतिक संसाधनों की प्रवृष्टि में लापरवाही बरतने का मामला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 अप्रैल। जिले के शासकीय उमावि सरौंधा, सूदा, बर्दी, कन्या देवसर, मॉडल देवसर एवं उत्कृष्ट विद्यालय देवसर के प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने आज नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी के यहां से जारी शोकाज नोटिस में उत्कृष्ट विद्यालय देवसर के प्राचार्य लाल सिंह मार्के, देवसर मॉडल के प्राचार्य एसआरडी गुप्ता, कन्या देवसर प्राचार्य कमलेन्द्र कुमार द्विवेदी, शाउमा विद्यालय बर्दी चन्द्रप्रताप त्रिपाठी, शाउमावि सूदा नन्दलाल प्रजापति एवं शाउमा विद्यालय सरौंधा के प्राचार्य राजपति सिंह को नोटिस जारी कर अवगत कराया गया है कि संकुल, एईओ केन्द्र के अंतर्गत समस्त विद्यालयों के शाला प्रभारी के द्वारा हमारे शिक्षक ऐप के लिंक अद्धोसंरचना में विद्यालयों के भौतिक संसाधनों की प्रवृष्टि 5 अप्रैल तक पूर्ण की जानी थी, लेकिन विद्यालयों की संख्या में प्रवृष्टि अर्थात 10 प्रतिशत ही पूर्ण की गई है। डीईओ ने इसे चिंताजनक बताते हुये लापरवाही माना है और नोटिस में स्पष्ट शब्दों में जिक्र किया है कि तीन दिवस के अदंर में जवाब दें। अन्यथा निलंबन का प्रस्ताव सक्षम अधिकारी को भेजा जाएगा।

बोनान्जा कॉलेज ऑफ एजुकेशन सतना (म.प्र.)

(अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्धता प्राप्त म.प्र. शासन एवं एन.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त)

कॉलेज कोड 28 के तहत बी.एड. (शिक्षा विभाग) में सत्र 2026-27 हेतु निम्न पदो की आवश्यकता है

क्र.	पद का नाम	पद संख्या	शैक्षणिक योग्यता
01	व्याख्याता - शिक्षा, विज्ञान एवं गणित	07	संबंधित विषय में स्नातकोत्तर एवं एम.एड. 55 % अंको के साथ।
02	व्याख्याता - स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, ललित कला	02	संबंधित विषय में स्नातकोत्तर 55 % अंको के साथ।

नोटः (1) शिक्षाशास्त्र में पी.एच.डी., नेट एवं स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण एवं अनुभवी को वरीयता। (2) वेतनमान म.प्र. शासन एवं यू.जी.सी. के नियमानुसार देय। (3) आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं फोटो सहित विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर नीचे दिये गए पते पर भेजे।

पताः-अध्यक्षः बोनान्जा एजुकेशनल सोसायटी, बिरला रोड़ बदखर, सतना (म.प्र.)

Mob.No: 6265424978, E-Mail: bonanzacollege@gmail.com

कार्यालय-साइट महाविद्यालय, सिंगरौली जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

(अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध)

साईट /विज्ञापन/2026/048 दिनांक-09.04.2026

म.प्र.विश्वविद्यालय परिनियम 28 (कालेज कोड) के अंतर्गत शैक्षणिक पदों हेतु महाविद्यालय में भर्ती विज्ञापन अधोलिखित पद दर्शित/योग्यता वाले अभ्यर्थियों से दिनांक 11/04/2026 से 25/04/2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपना बायोडाटा एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र एवं फोटो वाट्सऐप नम्बर 8719091195, 9425477195 या डाक द्वारा भेजें। पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना दी जावेगी।

क्र.	पद	विषय/संकाय	संख्या
01	प्राचार्य	सामान्य प्रशासन	एक
02	विभागाध्यक्ष	शिक्षा संकाय	एक
03	सहा.प्राध्यापक	गणित,कम्प्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान,बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, कम्प्यूटर, हिन्दी,राजनीति शास्त्र समाज शास्त्र, योगा, समाज कार्य, प्रबंध, वाणिज्य, अकांट्स	प्रत्येक में एक

- वांछित योग्यता: यूजीसी के मापदण्डों के अनुसार
- भर्ती के समय आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।
- उक्त पदों हेतु वेतनमान उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के नियमानुसार देय होगा।

महासचिव

शासी निकाय "साइट महाविद्यालय" सिंगरौली (म.प्र.)

Name Change

I PRACHEE (Existing Name as per POR/Service Documents) daughter of Army no.-14523212W,Rank -CFN,Name-LALIT KANT PATHAK (Existing Name of the Army Veteran as per the Service Documents),resident of vill.,Post-Unchehara,Dist-Satna(M.P.) have changed my Name from PRACHEE (Exiting Name of daughter as per POR/Service Documents) to PRACHI (Proposed/adopted New Name vide Affidavit dated 07/04/2026.Unchehara

820 सीसी का कोरेक्स आरोपी अभिरक्षा में

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के सचिव का आरोपी है पुत्र

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 अप्रैल। निवास चौकी पुलिस ने करीब चार माह पूर्व करीब 820 सीसी प्रतिबंधित कोरेक्स सिरप जप्त कर बड़ी कार्रवाई की थी।

इस कारोबार को मुख्य सरगना फरार हो गया था। लेकिन आज पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने दबोचते हुये पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। वहीं निवास चौकी प्रभारी उक्त मामले में अनभिज्ञता जाहिर किया है। गौरतलब है कि निवास चौकी में करीब पॉच माह पूर्व तत्कालीन चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह बघेल ने भारी मात्रा में कोरेक्स पकड़ा था और उसका मुख्य सरगना दीपेश साहू पिता सिद्धिनाथ साहू फरार चल रहा था। जहां आज मुखबिरों के सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच कर हिरासत में ले लिया है। यहां बताते चले कि आरोपी के पिता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सिंगरौली ने जिला सचिव के पद से हाल ही में नवाजा गया है। वहीं चौकी प्रभारी इस मामले में जवाब देने से कतरा रहे हैं, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि कोरेक्स का सरगना पुलिस के अभिरक्षा में है।

केक की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी से शिकायत

शिकायत पर तत्काल दुकान में पहुंच खाद्य निरीक्षक ने लिया सेम्पल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न के समीपी अम्बेडकर चौक में स्थित आरजू ब्रेकर्स के यहां एक उपभोक्ता संकठा प्रसाद शुक्ला ने बीते दिन कल दो किलो का केक लगे थे, जहां केके काटते वक्त हाथ में लगे केक का कैमिकल आज तक नही छूटा है। जिसकी शिकायत खाद्य निरीक्षक के यहां आज की गई और खाद्य सुरक्षा अधिकारी दुकान में पहुंच केक का सेम्पल लिया है।

शिकायतकर्ता संकठा प्रसाद शुक्ला ने बताया कि बीते दिन कल बुधवार को आरजू ब्रेकर्स से केक ले जाने पर केक की गुणवत्ता पर सवाल उठाया गया और शिकायत करता द्वारा आरोप लगाया गया कि केक में प्रयोग किया गया केमिकल का रंग चेहरे पर लगाने से और हाथ में लगने से रंग आज तक नहीं छूटा, जिससे आहत होकर शिकायत करता ने खाद्य निरीक्षक से शिकायत की जिससे खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकुन्द झारिया ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दुकान और कारखाने की जांचकर सैंपल लिया। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा.

एमपी पुलिस आरक्षक भर्ती का अंतिम परिणाम घोषित

विशेष संवाददाता

भोपाल, 9 अप्रैल. मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक पदों पर भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है. यह भर्ती प्रक्रिया मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की गई थी, जिसके तहत अगस्त 2025 में 7,500 पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी. इस भर्ती के लिए प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने

आवेदन किया था, जो युवाओं में पुलिस सेवा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है. लिखित परीक्षा प्रदेश के विभिन्न शहरों में लगभग एक माह की अवधि में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया.

लिखित परीक्षा के बाद कुल 57,990 अभ्यर्थियों को (शारीरिक दक्षता परीक्षा) के लिए चयनित किया गया था. यह परीक्षा 23 फरवरी से 14 मार्च 2026 के बीच प्रदेश के 10 निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें करीब 44,483 अभ्यर्थी शामिल हुए.

कार्यालय नगर परिषद रामपुर बाघेलान जिला- सतना (म.प्र.)

Office No-07672-271336 E-mail:-cmorampurbaghelan@mpurban.gov.in

क्रमांक /751/ न.प./ई- टेन्डर / 2026 रामपुर बाघेलान दिनांक 08/04/2026

तृतीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालिक)

नगर परिषद रामपुर बाघेलान द्वारा बाजार बैठकी वसूली वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाईन निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से (दिनांक 16.04.2026 से 31.03.2027 कुल 350 दिवस हेतु) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्तियों द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबधित समस्त शर्तें एवं जानकारी वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद रामपुर बाघेलान से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (350 दिवस हेतु)	धरोहर राशि (रू.में)	निविदा फार्म का शुल्क	ऑनलाईन निविदा प्रपत्र भरने की अंतिम दिनांक
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_498549_1	बाजार बैठकी वसूली	8,18,300.00	30,000.00	1000.00	14.04.2026 समय 05.30 बजे तक

उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 09.04.2026 समय 10:30 बजे से दिनांक 14.04.2026 समय 05.30 बजे तक बेवसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट http://wwwmptenders.gov.in पर से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

शर्तें :-1. दरें केवल ऑनलाईन ही मान्य होगी. 2.निविदा की शर्तों की पूर्ति के आभाव में निविदा अमान्य होगी एवं बंधनयुक्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी. 3. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास रहेगा।

(रामसखी कचेर) अध्यक्ष (अरूण कुमार श्रीवास्तव) मुख्य नगर पालिका अधिकारी

नगर परिषद रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म.प्र.)

कार्यालय कलेक्टर जिला मैहर (म0प्र0) एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

//अधिसूचना//

भू-अर्जन प्र0क्र0 अ 82/25-26 पत्र क्र. 10/ भू-अर्जन / 2025 दि. 26/2/2026

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः सही भूमि अधिग्रहण पुर्नवास 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने 5 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के लिए प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	अर्जनीय रकवा (हे.में.) लगभग		
1	2	3	4	5	6
मैहर	मैहर	मड़ई	8.3700 हे.	कार्यपालन यंत्री,नर्मदा विकास संभाग मैहर अ.मु.मैहर जिला मैहर (म.प्र.)	रीवा शाखा नहर के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय कलेक्टर (भू अर्जन शाखा) मैहर के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(रानी बाटड)
कलेक्टर, जिला मैहर (म0प्र0)
एवं पदेन उप सचिव म0प्र0 शासन
राजस्व विभाग

G-11253/26